**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 16.07.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मकान से आभूषण चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के आभूषण व नकद रुपए बरामद।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 15/16.07.2026 की रात थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मकान से आभूषण चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिये गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 30.05.2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र मोहल्ला हरदौली घाट के रहने वाले अनिल कुमार अपने मकान से आभूषण चोरी हो जाने के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी थी। सूचना पर थाना कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दिनांक 15.07.2026 को देर शाम मुखबिर की सूचना पर कृषि विश्वविद्यालय के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के आभूषण व नकद रुपए बरामद हुए है।

**बरामदगी-**

1. 01 मंगलसूत्र पीली धातु (10.5 ग्राम )
2. 02 जोड़ी पायल सफेद धातु (68 ग्राम)

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. नन्हू उर्फ सिद्धार्थ पुत्र वीरेन्द्र निवासी ग्राम मटेहना थाना मरका जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

➢ मु0अ0सं0 269/26 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार सोनी
2. कां0 हर्षित गौतम
3. कां0 प्रशान्त दीक्षित